छत्तीसगढ़ शासन,
स्कूल शिक्षा विभाग का अधिनियमित बोर्ड

# छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड

Web Site : www.cgmadarsaboard.in , E-Mail : cgmb.raipur@gmail.com
पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर, लोकभवन के पास,रायपुर फोन तथा फैक्स नं.0771–4055708

क्रमांक / छ.ग.म.बो. / परीक्षा / 71–43 / 2026–27 / 175 रायपुर,दिनांक 07 / 08 / 2026

प्रति,

प्राचार्य / अग्रेषण अधिकारी

____________________

____________________

विषयः– छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा 2026 ( द्वितीय एवं चतुर्थ अवसर परीक्षा) के आवेदन–फार्म वितरण एवं जमा करने विषयक्।

——000——

उपरोक्त विषयांतर्गत छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड, रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा 2026 (कला संकाय/ वाणिज्य संकाय/ विज्ञान संकाय/गणित संकाय) **( द्वितीय एवं चतुर्थ अवसर परीक्षा)** के आवेदन–फार्म परीक्षार्थियों को वितरण करने हेतु प्रेषित किये जा रहे हैं। आपकी संस्था को अग्रेषण केन्द्र एवं आपको अग्रेषण अधिकारी नियुक्त किया गया है।

आपसे अनुरोध है कि आवेदन–पत्र वितरण एवं जमा करें तथा आवेदन फार्मों को परीक्षण कर निर्धारित तिथियों में बैंक ड्राफ्ट सहित कार्यालय छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड रायपुर में जमा /रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित करने का कष्ट करेंगे। **द्वितीय एवं चतुर्थ अवसर परीक्षा** माह अक्टूबर 2026 में प्रस्तावित है। (परीक्षा समय–सारिणी संलग्न है) हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा 2026 द्वितीय एवं चतुर्थ अवसर के आवेदन–पत्र जमा किये जाने हेतु निर्धारित तिथियाँ एवं निर्देश :–

| क्र. | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | सामान्य शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन फार्म वितरण एवं जमा करने की अंतिम तिथि | 13 अगस्त 2026 से 31 अगस्त 2026 तक |
| 2. | आवेदन–पत्र विलंब शुल्क 250 रू. के साथ परीक्षार्थियों द्वारा अग्रेषण केन्द्रों में जमा करने की तिथि | 01 सितम्बर 2026 से 08 सितम्बर 2026 तक |
| 3. | आवेदन–पत्र विलंब शुल्क 500रू. के साथ परीक्षार्थियों द्वारा अग्रेषण केन्द्रों में जमा करने की तिथि | 09 सितम्बर 2026 से 17 सितम्बर 2026 तक |
| 4. | अग्रेषण केन्द्र द्वारा छ.ग.मदरसा बोर्ड में जमा करने की तिथि<br>नोट :– इसके पूर्व भी जमा किया जा सकता है। | 1. सामान्य शुल्क के साथ 02 सितम्बर 2026<br>2. विलंब शुल्क 250रू. के साथ 10 सितम्बर 2026<br>3. विलंब शुल्क 500रू. के साथ 21 सितम्बर 2026 |

...2

**शुल्क विवरण :— हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा— द्वितीय एवं चतुर्थ अवसर परीक्षा ।**

| क्र. | शुल्क विवरण | दर |
|---|---|---|
| 1. | एक विषय | 50=00 रू. |
| 2. | दो विषय | 100=00रू. |
| 3. | दो से अधिक | 200=00रू. |
| 4. | अंकसूची शुल्क | 50=00 रू. |
| 5. | प्रायोगिक शुल्क प्रति विषय | 50=00रू. |
| 6. | अग्रेषण शुल्क | 50=00रू. |

उपरोक्त शुल्क विवरण के अनुसार अग्रेषण अधिकारी आवेदन—फार्म के साथ परीक्षार्थियों से शुल्क प्राप्त करेंगे। कार्यालय छ.ग.मदरसा बोर्ड में फार्म जमा करते समय अग्रेषित समस्त फार्मों की राशि में से 50रू. प्रति फार्म अग्रेषण शुल्क को घटाकर, बैंक ड्राफ्ट बनावें एवं जमा करें।

**बैंक ड्राफ्ट Secretary, Chhattisgarh Madarsa Board, Raipur के नाम से देय होगा।**

द्वितीय एवं चतुर्थ अवसर के परीक्षा फार्म में मूल अंकसूची संलग्न की जावे। आवेदन—फार्म में त्रुटि एवं वांछित दस्तावेज संलग्न न होने के कारण आवेदन—फार्म निरस्त किये जा सकते हैं जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी अग्रेषण अधिकारी की होगी।

संलग्न :— परीक्षा फार्म एवं समय—सारिणी ।

06.08.2026

सचिव
छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड, रायपुर

पृष्ठांकन क्रमांक/छ.ग.म.बो./परीक्षा/71—43/2026—27/ रायपुर,दिनांक / /2026

**प्रतिलिपिः—**

1. मान. अध्यक्ष, छ.ग.मदरसा बोर्ड, रायपुर, छ.ग.।
2. सचिव, छ.ग.शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर।
3. संचालक लोक शिक्षण संचालनालय छ.ग.,इंद्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर।
   की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4. जिला शिक्षा अधिकारी, ————————————की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. गार्ड फाईल।

सचिव
छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड, रायपुर